THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO) : (a) Besides the coverage provided by low power TV transmitter at Nagercoil, parts of Kanyakumari district receive TV service from the high power transmitter at Kodaikanal.

Full radio coverage to the entire district of Kanyakumari is provided by 1 KW MW transmitter at Nagercoil, 10 KW MW transmitter at Tirunelvelli, 10 KW MW transmitter at Trivandrum and 100 KW MW transmitter at Alleppey.

(b) to (d) There is at present no proposal either to replace the existing low power TV transmitter at Nagercoil by a high power transmitter or to set up a separate TV transmitter in Kanyakumari district. Expansion of TV service in the country is being carried out in a phased manner depending upon the availability of resources for the purpose.

As regards AIR a 2 × 5 KW FM transmitter at Nagercoil in place of the existing 1 KW MW transmitter is under implementation. On its commissioning envisaged during the VIIIth Plan period, radio coverage in the district will be further strengthened.

स्वतंत्रता सेनानी, मौलाना मोहम्मद अली जौहर के जीवन पर पुस्तक का प्रकाशन

978. **श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मोम अफजल** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार के पब्लिकेशन डिवीजन में महान स्वतंत्रता सेनानी, मौलाना मोहम्मद अली जौहर के बारे में डा. एम. हाशिम किदवई से उनकी जीवनी लिखने को मई 1983 में लिखा था ;

(ख) क्या 6 अप्रैल, 1984 को डा. किदवई का "सिनोपसिस" स्वीकार करते हुए पब्लिकेशन डिवीजन ने उनसे मौलाना जौहर के जीवन पर अपनी पुस्तक को पूरा करने का अनुरोध किया था;

(ग) यदि हां, तो डा. किदवई की पाण्डुलिपि पब्लिकेशन डिवीजन को कब प्राप्त हुई;

(घ) क्या यह पुस्तक प्रकाशित हो गई है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) पांडुलिपि मई, 1987 में प्राप्त हुई थी ।

(घ) जी, नहीं ।

(ङ) पाण्डुलिपि प्रकाशन के लिए उपयुक्त नहीं पाई गई थी ।

टैलेक्स सेवा का विस्तार

979. **श्री मुल चन्द मीणा** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार टेलेक्स सेवा का विस्तार करने का है ;

(ख) यदि हां, तो इसके अंतर्गत सम्प्रेषित किए जाने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) यह सेवा किन-किन स्थानों पर उपलब्ध कराए जाने की संभावना है ; और

(घ) टेलेक्स सेवा के माध्यम से कौन-कौन से कार्यक्रम सम्प्रेषित किए जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री के. पी. सिंह देव) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

(घ) इस समय दूरदर्शन की टेलीटेक्स सेवा दिल्ली के दूसरे चैनल पर ही टेलीकास्ट की जाती है और यह सेवा इसके कवरेज रेंज के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में उपलब्ध है । इस सेवा में समाचार खेल कूद, वित्त, मौसम, नगर सम्बन्धी जानकारी, हवाई जहाजों तथा रेलों के आगमन/प्रस्थान, सीटों की उपलब्धता आदि से संबंधित सूचना होती है